हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026



# पांच सौ शिक्षकों ने जांची 81 हजार कॉपियां, हिंदी का पेपर चेक करने मिलेंगे दो दिन

## माशिमं के निर्देश बाद दो चरणों में मूल्यांकन पूरा, परिणाम जल्द जारी करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मार्च महीने में आयोजित की गई दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के बाद मूल्यांकन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। जिले में दसवीं-बारहवीं कक्षा की करीबन 81 हजार उत्तर पुस्तिकाएं दो चरण में भेजी गई थी, जिसे लगभग पांच सौ मूल्यांकनकर्ताओं ने मिलकर पंद्रह दिनों के भीतर चेक की है। प्रदेश स्तर से सात अप्रैल की डेडलाइन तय की गई थी, लेकिन दो दिन पहले ही पांच अप्रैल तक जिले में मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया गया। हालांकि अब भी हिंदी विषय का मूल्यांकन दोबारा करना होगा, जिसके लिए 13 और 14 अप्रैल की अवधि तय की गई है। बताया गया कि दसवीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए लगभग साढ़े तीन सौ एवं 12वीं कक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए डेढ़ सौ शिक्षकों की तैनाती की गई थी। मूल्यांकन का कार्य स्टेट हाई स्कूल में पूरा किया गया।

### सात अप्रैल थी डेडलाइन

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार माशिम द्वारा मूल्यांकन को समय पर पूरा कराने के लिए दो चरण तय किए थे। पहले चरण के तहत 16 मार्च से मूल्यांकन शुरु किया गया था, जिसकी अवधि 24 मार्च तक तय की गई थी। इसके बाद दूसरे चरण का मूल्यांकन सात अप्रैल तक समाप्त करने कहा गया था। लेकिन जिले में दो दिन पहले ही पांच अप्रैल को मूल्यांकन का कार्य शिक्षकों द्वारा पूरा कर लिया गया था।

### खास बातें

- तीन जिलों की उत्तरपुस्तिकाओं का किया गया मूल्यांकन
- समय से पहले पूरा किया गया चेकिंग कार्य




### 15 से पहले समाप्त होगा मूल्यांकन

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में माशिम द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा का हिंदी विषय का पेपर सोशल मीडिया पर वायरल होने की शिकायत सामने आई थी। जिसके बाद शासन स्तर पर निर्णय लेकर परीक्षा रद्द कर दी गई। जिसके चलते अब आगामी दस अप्रैल को हिंदी की परीक्षा दोबारा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के बाद जिले में लगभग सात हजार कॉपी मूल्यांकन के लिए भेजी जाएगी, जिसे दो दिनों में जांचने के बाद 15 अप्रैल से पहले ही कार्य पूरा करने कहा गया है।

### आज मिलेगा प्रश्नपत्र, 10 को परीक्षा

इधर 12वीं कक्षा के हिंदी की परीक्षा दोबारा आयोजित करने के लिए प्रश्नपत्र जिले में पहुंच चुके हैं। कल आठ अप्रैल को परीक्षा से पहले केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र का वितरण किया जाएगा। बताया गया कि सभी केंद्र अध्यक्षों से कहा गया है कि प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्रों के नजदीकी पुलिस थानों में जमा कराए जाएंगे, जिसे परीक्षा के दिन ही केंद्र तक लाया जाएगा। ज्ञात हो कि प्रदेशभर में आगामी 10 अप्रैल को हिंदी की परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तय की गई है।

## खबर संक्षेप

### सट्टा-पट्टी लिखने का आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने सट्टा-पट्टा लिखने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से नगदी एवं मोबाइल जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 अप्रैल को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैंड चौक के पास एक व्यक्ति अंकों पर रुपयों का दांव लगवाकर अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिख रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली की टीम द्वारा तत्काल मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी गई।

कार्रवाई के दौरान आरोपी अरविंद रंगारी को रंगे हाथों सट्टा-पट्टी लिखते हुए पकड़ा गया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 2 नग सट्टा-पट्टी, सट्टा लिखने में प्रयुक्त पेन, नगदी रकम 560 रुपए तथा एक मोबाइल बरामद किया गया।

मोबाइल की जांच करने पर उसमें व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा-पट्टी के लेनदेन के पुख्ता प्रमाण पाए गए। पुलिस ने आरोपी अरविंद रंगारी 36 वर्ष निवासी कैलाश नगर रामनगर को छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के अंतर्गत विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## नियमों में फंसा कारोबार, संचालकों को लगा बड़ा झटका

# जंगल से दस किमी के दायरे में आने वाली 33 आरा मशीनों में लगा ताला

## वनांचल में 4, नांदगांव में 25 और केसीजी में तीन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव सहित दोनों नवगठित जिलों में संचालित दर्जनों आरा मशीन पर अब ताला लगने की नौबत आ गई है। हाईकोर्ट से मिली राहत की अवधि पूरी होने के बाद अब ऐसी आरा मशीन जो जंगल से दस किलोमीटर के दायरे में है, उनका संचालन बंद करने कहा गया है। ऐसे में तीन जिलों की लगभग 50 आरा मशीन इससे प्रभावित होगी।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने 1997 में दिया था आदेश। सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1997 में आरा मशीनों के संचालन को लेकर गाईड लाइन जारी की थी। इसमें सबसे पहले नया लाइसेंस जारी न करने की बात कही गई है। इसके साथ ही दस किमी के दायरे में आने पर संचालक को मशीन शिफ्ट करने का आधिकार दिया गया है। कोर्ट का स्पष्ट आदेश है कि जंगल से दस किलोमीटर के दायरे में मशीन नहीं होनी चाहिए। वहीं अब नई व्यवस्था के तहत दूरी नापी जा रही है। जानकारों के अनुसार इससे कई मशीनों के लाइसेंस पर संकट मंडराने लगा है। इसके बाद भारत में वन संरक्षण नियमों (2016 दिशा-निर्देशों) के तहत आरा मशीन स्थापित करने के लिए अधिसूचित वन क्षेत्र या संरक्षित वनों की सीमा से 10 किलोमीटर की हवाई दूरी बनाए रखना अनिवार्य है। यह नियम अवैध कटान रोकने और वनों की सुरक्षा के लिए है, जिसे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप लागू किया जाता है।

### केसीजी जिले में तीन आरा मशीनें बंद



जिले में कुल 21 आरा मशीनें संचालित थी, जिनमें दो अलग-अलग कारणों से और एक दस किमी के दायरे वाले नियम के कारण बंद कराई गई है। जिनमें खैरागढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में, गातापार कला में दो, ठेलकाडीह, पवनतरा, बाजार अतरिया, जालबांधा में एक-एक मिलाकर छह और शहरी क्षेत्र के पिपरिया, तुरकारीपारा और अमलीपारा में तीन मिलाकर पांच आरा मशीन चालू है। गंडई के शहरी क्षेत्र में तीन और ग्रामीण इलाके के एक को मिलाकर चार मशीन है। छुईखदान शहर में दो और ग्रामीण इलाके के उदयपुर में एक आरा मशीन चालू है। दाऊचौरा और मुतेड़ा नवागांव की दो आरा मशीनें पारिवारिक कारणों के चलते बंद हो गई है। जबकि वन क्षेत्र के दस किमी के दायरे में आने के कारण कोर्ट के आदेश पर सहसपुर दल्ली के एक आरा मशीन को बंद कराया गया है।

### वनांचल की नहीं बचेगी आरा मशीन

मिली जानकारी के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में कुल चार आरा मशीन कई दशकों से संचालित है। ये सभी ही ग्राम पंचायत क्षेत्र में है और जंगल के दस किलोमीटर के दायरे में आते हैं। ऐसे में यह चारों आरा मशीन का संचालन बंद हो जाएगा। ऐसे में वनांचल इलाके में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पिछले चार साल पहले आरा मशीन संचालक कोर्ट भी गए थे।

### शहरी क्षेत्र में दूरी की छूट

जंगल से दस किलोमीटर के दायरे का नियम केवल ग्रामीण इलाकों के लिए है। बताया गया कि शहरी क्षेत्र में संचालित आरा मशीन पर ये नियम लागू नहीं होगी। यही कारण है कि जंगल के दस किलोमीटर के दायरे में होने के बावजूद नगरीय निकाय क्षेत्र की आरा मशीन चालू रहेगी। वहीं ग्रामीण इलाकों के लिए दस किलोमीटर का दायरा होना जरूरी है।

# नाला निर्माण कार्य की धीमी गति से नाराजगी गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के पुष्प वाटिका के सामने बर्थ-डे पार्क के भीतर से नाला निर्माण कार्य बीते कई महीनो से काफी धीमी गति से चल रहा है। वर्तमान में प्रभात नगर की ओर से सर्किट हाउस जाने वाली सड़क पर नाला निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके चलते इस सड़क से आवागमन बंद है। जिससे लोगों को समस्या भी हो रही है। वहीं संबंधित ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य करने को लेकर आसपास क्षेत्र के लोगों में नाराजगी भी है।

शहर के पुष्प वाटिका के सामने स्थित बर्थ-डे पार्क के भीतर से गौशाला और प्रभात नगर की ओर से नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं। यहां निर्माण कार्य की गति धीमी होने के चलते सुबह शहर पर जाने वाले बुजुर्ग, योग के लिए आने वाले युवाओं, वृद्धजनों, कचरा संग्रहण के लिए जाने वाली स्वच्छता दीदियों को लंबी दूरी से घूमकर जाना पड़ रहा है।

### सूचना बोर्ड नहीं

बताया जा रहा है कि लगभग 4 माह से यहां पर बर्थ-डे पार्क के भीतर से नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के तहत अब प्रभात नगर से गार्डन तक सड़क को खोदकर नाला बनाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन आसपास कहीं भी इस कार्य की लागत, निर्माण समय अवधि को दर्शाता हुआ कोई भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है।

### निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर शिकायत की तैयारी

नाला निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चलने की वजह से यहां पर बर्थ-डे पार्क महीनों से बंद है और पूरी तरह से उजाड़ हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा लगभग 2 महीने तक काम भी बंद कर दिया गया था। वहीं नाला निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि ठेकेदार द्वारा मापदंड के अनुरूप सरिया नहीं लगाया जा रहा है। यहां पर इंजीनियर द्वारा भी सतत मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। जिसकी वजह से कार्य की गुणवत्ता पर सवाल है। जिसको लेकर शिकायत की तैयारी है।

# बलदेव सिंह भाटिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष किए गए मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नई गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित सिख संगत ने उत्साह और श्रद्धा के साथ अपनी उपस्थिति प्रदान की ! बैठक के दौरान सभी सदस्यों और उपस्थित संगत की सहमति से सरदार बलदेव सिंह भाटिया (पप्पू भैया ) को सर्वसम्मति से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन की घोषणा होते ⏭|शेष पेज 12 पर

# प्रभावित किसानों को नहीं मिला मुआवजा प्रस्तावित सड़क निर्माण निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगांव विकासखंड के कुमरदा तहसील अंतर्गत गर्रापार से जोशीलमती तक सड़क निर्माण स्वीकृत किया गया है, लेकिन सड़क निर्माण से प्रभावित हो रहे किसानों को उनकी जमीन का मुआवजा नहीं दिया गया है। इस मामले को लेकर आज प्रभावित किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और यहां प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य को निरस्त करने मांग की।

लोक निर्माण विभाग द्वारा गर्रापार से जोशीलमती लगभग 2.60 किलोमीटर की सड़क के लिए पौने तीन करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त सड़क मार्ग में 17 किसानों की लगभग 700 मीटर की जमीन आ रही है। जिसको लेकर प्रभावित हो रहे किसानों ने बीते सितंबर माह में कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से मुआवजा की मांग की थी, लेकिन अब तक प्रभावित किसानों के संबंध में मुआवजा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं होता देख प्रभावित किसान कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर सड़क निर्माण कार्य निरस्त करने मांग की।

### कार्य प्रारंभ नहीं करने मांग

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण के लिए सब-इंजीनियर द्वारा प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु कार्रवाई कर दिया है। प्रभावित किसानों ने कहा है कि जब तक किसानों को मुआवजा प्रदाय नहीं किया जाता है, तब तक सड़क निर्माण कार्य निरस्त किया जाए।

### आंदोलन की चेतावनी

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसान संजय साहू, टुमनलाल, मधुराम, केजऊलाल, खुमूराम शत्रुहनलाल, संतोष कुमार सहित अन्य किसानों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी देते कहा है कि बिना मुआवजा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने पर सभी प्रभावित किसानों और उनके परिवार द्वारा सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कोचिया-सट्टा आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा खिलाने के आरोपी एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अवैध रूप से शराब बिक्री एवं जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 7 अप्रैल को निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई के दौरान आरोपी देवेन्द्र देवांगन 37 वर्ष निवासी चिखली को फौव्वारा चौक राजनांदगांव के पास मोबाइल के माध्यम से सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 1 नग मोबाइल एवं नगदी रकम 1,440 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 6, 7 छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामदः** मुखबीर सूचना के आधार पर कुंदन साहू 42 वर्ष निवासी संबलपुर को जिला अस्पताल चौक के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाया गया। आरोपी के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती लगभग 1,600 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई।

## राजनांदगांव का तापमान चढ़कर 40 डिग्री पार

# आज भी अंचल में बेमौसम बारिश की आशंका कल से फिर चढ़ेगा दिन का तापमान, बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ते तापमान के बीच एक बार फिर बेमौसम बारिश की आशंका जताई गई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते अंचल में फिर से मौसम बदलने वाला है। जिसके चलते जहां बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं अधिकतम तापमान में भी गिरावट संभव है। ज्ञात हो कि राजनांदगांव का तापमान चढ़कर 40 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में तापमान लुढ़कने के बाद गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

मौसम विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले बुलेटिन के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में



मध्य पाकिस्तान और उसे उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 9.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम विहार से मणिपुर तक उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल, उत्तर बांग्लादेश, मेघालय और दक्षिण पूर्व असम होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका मराठवाड़ा से दक्षिण तमिलनाडु तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पश्चिम भारत को 7 अप्रैल 2026 से प्रभावित करने की संभावना है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उड़ीसा और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति गंगेटिक पश्चिम बंगाल से मन्नार की खाड़ी तक उड़ीसा, तेलंगाना, रॉयल सीमा और तमिलनाडु होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### होगी बेमौसम बारिश

मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर बेमौसम बारिश के हालात बन रहे हैं। बताया गया कि प्रदेश में कल 8 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि संभावित है। कल के बाद अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### वंदेमातरम पर नाटक का मंचन

**जेवरतला रोड।** वंदेमातरम रचना की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम वंदे मातरम का गायन सभी ने किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों और वंदे मातरम से जुड़ी बातों को याद करते हुए कहा कि यह एक प्रेरणा स्त्रोत, जन जागरूकता का मंत्र है। इसके उद्घोष से शरीर में ऊर्जा का संचार होने लगता है। यह राष्ट्रवाद का परिचायक है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के निर्देशन एवं संपादन में वंदे मातरम पर लघु नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजय पाठक ने वंदे मातरम इतिहास पर प्रकाश डाला। शिक्षक नेहा साहू, गायत्री देवांगन ने वंदेमातरम से जुड़ी बातों को याद किया।

### रेत की अवैध निकासी और परिवहन

**डोंगरगढ़।** पारागांव खुर्द और पारागांव कला के बीच बहने वाली नदी अवैध कमाई का स्थायी स्त्रोत बन गई है। नदी दोनों पंचायतों की सीमा में होने का हवाला देकर आधा-आधा बांट दिया गया और पारागांव खुर्द पंचायत द्वारा 2 से 3 लाख में बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस वर्ष करीब 3 लाख में सौदा तय हुआ है। गंभीर बात यह है कि रेत खनन को राजनीतिक संरक्षण मिलने की बात सामने आ रही है। इस मामले में एक भाजपा नेता का नाम उछला है। प्रशासन की चुप्पी के बाद यह चर्चा है कि नेता के शामिल होने के कारण प्रशासन का रवैया नरम है जिसका फायदा उठाकर रोजाना सैकड़ों ट्रिप रेत निकाली जा रही है। सूत्रों का दावा है कि दो व्यक्तियों द्वारा तीन-तीन ट्रैक्टर लगाकर दिन-रात रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

### भवन का भूमिपूजन

**मोहला।** सांसद संतोष पाण्डेय ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में प्रस्तावित जिला पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक इंद्र शाह मंडावी, भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश शाह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत भारती चन्द्राकर, डीएफओ दिनेश पटेल आदि उपस्थित थे। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिला पंचायत भवन के निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# पुल-पुलियों के पिलरों के नीचे अवैध रेत खनन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग में कार्यालयीन पत्राचार अब ई-ऑफिस के माध्यम से ही करें। जिससे कार्य में पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक विभाग एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑनबोर्ड होकर निर्धारित लर्निंग कोर्स समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने तथा खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मिलावटी एवं एक्सपायरी तिथि वाली खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि जनसामान्य के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।




#### गुणवत्ता पर करें फोकस

उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों तथा अन्य सभी निर्माण कार्यों को भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं धान उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

#### अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

उन्होंने जिले में शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को संज्ञान में लेते शीघ्र हटाने के निर्देश दिए, ताकि शासकीय भूमि का उपयोग विकास कार्यों में किया जा सके। साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को उनके विभाग से संबंधित उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुणवत्ता और समय-सीमा में कार्य करने वाले ठेकेदारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल-पुलियों के पिल्लरों के नीचे से होने वाले अवैध रेत खनन पर कड़ी कार्रवाई करने एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। राजस्व एवं भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण

# गांवों में गहराया जल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

गर्मी की दस्तक के साथ अंचल के ग्राम जोरातराई, थैलीटोला, जादूटोला, मांझीटोला, शिकारीटोला, राघोटोला में पेयजल समस्या गहरा गई है। इन गांवों में मोगरा बैराज से पानी की सप्लाई भी सप्ताह भर से बंद है जिसके बाद लोगों को खाना बनाने, पेजयल और निस्तार के लिए अपेक्षित पानी नहीं मिल रहा है। लोग दूरदराज खेतों के बोर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ गांवों के अधिकांश जलस्त्रोत सूख रहे है। कुंओं में पानी नहीं है वहीं हैंडपंप से भी पानी नहीं मिल रहा है। मोगरा बैराज से पानी की सप्लाई बंद होने के बाद से उनकी दिक्कत और बढ़ गई है। गांव की महिलाओं को एक लंबा सफर कर पानी लाना पड़ रहा है। बोरिंग के भी बिगड़े होने के कारण लोग खेतों में लगे बोर से पानी लाने मजबूर हैं। सबसे बड़ी समस्या पशुओं की हो गई है।

#### जनप्रतिनिधि कर रहे अनदेखी

ग्रामीणों ने बताया कि जलसंकट गहराने के बाद जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाया जा चुका है किन्तु संकट के समाधान के लिए अब पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों विकराल स्थिति बन जाएगी। क्षेत्रवासियों ने शीघ्र पानी का प्रबंध करने की मांग पीएचई विभाग से की है।

# वरिष्ठों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को किया प्रशिक्षित

## भाजपा के सफर से कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत शहर में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण रखा गया। शुभारभ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, प्रदेश सहकारी विपणन संघ के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, प्रशिक्षण प्रभारी रविंद्र वैष्णव, सुनील जैन, सुरेंदर सिंह बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, महेंद्र भाई पटेल, अमित जैन, प्रकाश चौरडिया, जसमीत बननोआना, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, तरुण हथेल, सविता दरगढ़ ने झंडारोहण कर किया। उन्होंने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। शिविर के पहले दिन जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने छग की संस्कृति विरासत, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल संगठन के विस्तार, आईटी सेल के जिला संयोजक मनीष गोलछा ने सोसल मीडिया, एआई, नमो एप, सरल एप, वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर विनय बंसल, भागवत नामदेव, सुषमा कोठारी, विरेंद्र सोनी, विजेंद्र सिंह ठाकुर, संगीता टेंबुरकर, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, अचलासिंह ठाकुर, रेखा राघौते, हरीश मोटघरे, देवेंद्र साखरे, डी यकेस राव, शिवांगी साखरे, बबिता मलागार, अल्का शर्मा, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुलकर, वत्सला श्रीवास्तव, कैलाश सोनवानी, श्याम तिवारी, नागेंद्र परिहार, लोकेश इंदुलकर, मुकुंद कडरा, डिंपी महापात्रे, गिरीश साहू, चितरंजन साहू, ललित शर्मा, महेश सहारे, नवीन, आवेश निगम, शुभम परिहार, अक्षय यादव, रामकुमार डडसेना, अजय शर्मा, मयंक डोंगरे, उपेंद्र इंदुरकर, जयंत साहू, हिमांशु सेन सहित अन्य मौजूद थे।



# जनगणना की तैयारियां हुई तेज

■ मकानों की गणना 16 से शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में आगामी 16 अप्रैल से मकानों की गिनती की जाएगी। इस दौरान हर घर की विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में की जाएगी, जिससे डेटा सीधे ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज होगा। नगर में पहले से ही मकानों की नंबरिंग का कार्य शुरू हो चुका है।

कर्मचारियों की टीमें घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित कर रही हैं। इसी आधार पर आगामी सर्वे किया जाएगा। जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से लगभग 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, दीवार छत की सामग्री, घर में उपलब्ध सुविधाएं, बिजली-पानी, इंटरनेट, वाहन, सदस्यों की संख्या और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े सवाल शामिल रहेंगे। प्रशासन के अनुसार 16 से 30 अप्रैल तक नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन फॉर्म भरने का मौका दिया जाएगा जिसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 5 आसान स्टेप में रजिस्ट्रेशन कर जानकारी दर्ज किया जा सकेगा। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी होगा। जो व्यक्ति जहां रहता है उसकी निवास की जानकारी देना होगा।

#### प्रशासनिक टीम का गठन

जनगणना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति जहां रहता है, उसे उसी स्थान की जानकारी देना होगा। किसी के पास एक से अधिक मकान हैं, तो वह जहां निवास करता है, उसी मकान की जानकारी दर्ज करेगा। किरायेदार, छात्र या अन्य निवासी भी अपने वर्तमान निवास स्थान की जानकारी देंगे। घर में उपलब्ध सामान और संसाधनों का भी ब्यौरा लिया जाएगा। जनगणना के लिए शिक्षकों, राजस्व विभाग और नगरीय निकायों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। प्रत्येक वार्ड के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर निगरानी रखी जाएगी।

# स्वास्थ्य के लिए किया जागरूक



**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई एसजी ग्लोबल एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से संजीवनी टीम ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भगवानटोला में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में सही समय पर किया गया प्राथमिक उपचार जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सफाई, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वास्थ्य जांच के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट- विज्ञान के साथ खड़े रहें के बारे में जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में ग्रामवासियों एवं स्कूली बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ प्राप्त कीं।

# 20 लाख के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया



वनांचल क्षेत्र में 20 लाख के स्वीकृत और पूर्ण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सभापति बिरम मंडावी, जनपद सदस्य उभयराम मंडावी, सुनीता सेवता, रामकुमार मंडावी, लल्लेश्वरी घांवरे, बेदराम मंडावी, राजेश्वरी मंडावी, आनंदीबाई, कनक मंडावी, भुनेश्वरी सलामे, लखनलाल हिचामे, राधेलाल फुलकुंवर, जेलसिंह यादव, अंजूराम मंडावी, गणेशियाबाई, ईश्वरलाल सोनतला, दानीराम कोर्राम, दुरपतबाई साहू, अर्जुन मंडावी, पवन कुमार वैष्णव, प्रताप मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में किडकाड़ीटोला के आंगनबाड़ी भवन, मरकाकसा के सामुदायिक भवन, जोब में पानी टैंकर का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि वनांचल का विकास हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। गांव जाकर हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे।

#### मंच और बोर का भूमिपूजन

**डोंगरगांव।** ग्राम पंचायत मोहड़ में विकास कार्यों की महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पंचायत सभापति जागृति यदु के प्रतिनिधि चुन्नी यदु के आतिथ्य में मंच एवं बोर खनन का पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान श्री यदु ने संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। मंच निर्माण से जहां सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं बोर खनन से पेयजल समस्या का समाधान होगा। इस अवसर पर सरपंच भूषण देवांगन, अंकुश देवांगन, शंकरलाल देवांगन, ललित देवांगन, प्रेमबाई, ललित चनापे, ललिता ठाकुर, हेमंत देवांगन, श्यामलाल देवांगन, भैयालाल देवांगन, महेश चनापे, नेहरू देवांगन, हिपेंद्र देवांगन, रावे देवांगन, अनुप चनापे सहित अन्य उपस्थित थे।



#### छात्रों को कराया योगाभ्यास

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया । इस मौके पर छात्रों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना एवं उसके कार्यों से अवगत कराया गया। सहायक क्रीड़ा अधिकारी मनोज प्रधान ने छात्रों को ध्यान और योग का अभ्यास कराते हुए उत्तम स्वास्थ्य हेतु उनकी उपयोगिता को रेखांकित करते हुए प्रतिदिन योग करने प्रेरित किया गया। आयोजन के दौरान डॉ संजू सिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू ,चांदनी पराते, शुभि जैन, हिमानी साहू, योगिता ठाकुर, संध्या गावरे, ओमप्रकाश सहारे, चंद्रकांत कुंभकार, ज्ञानेश्वर देवांगन, खेलन साहू आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**
जिला-खैरागढ़, छुईखदान, गंडई (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र...... बी 121 वर्ष 20... -20...

एदत् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपकार सिंह बघेल आ. शिवकुमार सिंह बघेल निवासी शहर/ग्राम ...प.ह.नं.... तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग. दादा तेजन सिंह बघेल/ आ.पदम सिंह बघेल की मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 11/11/1987 को स्थान खैरागढ़ पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 16/04/2026 तक लिखित में स्वयं/ अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 07/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 07/04/2026
सुनवाई दिनांक 16/04/2026
मोहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)

## दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

# कार्यकर्ताओं को बताई रीति और नीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन माँ कर्मा भवन मटिया में किया गया। आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुवात भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन, ध्वजारोहण एवं वंदेमातरम के गायन के साथ हुआ।

आयोजन के पहले दिन जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि विकास का दृष्टिकोण और एक आंदोलन है। पार्टी सशक्त राष्ट्र के निर्माण के पक्ष में रही है। उन्होंने कहा कि संगठन की स्थापना राष्ट्र सेवा, जन कल्याण के लिए हुई है जो पं दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सभी को पार्टी के सिद्धांतों को जानकर उसका पालन करते हुए जन कल्याण के लिए सतत काम करना चाहिए। अध्यक्षता पवन जैन ने किया।

इसी क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती ने की। वैचारिक अधिष्ठान पर दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणीग्रही ने संबोधित किया। सांसद संतोष पाण्डेय ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला।जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बूथ प्रबंधन एवं आगामी कार्यक्रम पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की मूल भावना के साथ नए युग की चुनौतियों हेतु सक्षम और प्रतिबद्ध कार्यकर्ता तैयार करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षार्थी संकल्प से सिद्धि के मार्ग की ओर बढ़ेंगे। आईटी सेल के संयोजक मनीष गोलछा ने सोशल मिडिया, एआई, नमो एप के बारे में बताया। अध्यक्षता कालेज जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल ने की।

#### प्रभारियों का सम्मान

श्री चौधरी ने सभी व्यवस्था प्रभारियों का सम्मान किया। इस दौरान अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, सतीश पांडेय, लक्ष्मीनाराण गुप्ता, जागृति यदु, सागर वर्मा, श्रेणिक बोथरा, कपित पड़ोती, प्रतिभा पटेल, ममता उईके, नीलम, माहेश्वरी गंजीर, ऐलन साहू, दिव्यांश जैन, दुर्गेश सोनटेके, प्रांजल श्रीवास्तव, रुद्र कोरे, मयंक साहू, विनय गंजीर, लक्ष्मीनारायण सेन, कोमल साहू, नवनीत अहिर, पुरुषोत्तम साहू, वैभव माहेश्वरी, प्रफुल्ल जैन, लीलाधर मंडलोई, हिमांशु साहू, सौरभ ठाकुर, नवनीत अहिर, नोमित सोनकर, मनबोधी पटेल, महेश्वर साहू, कुंती आल्हा, निर्मला मालेकर, पद्मिनी ठाकुर, शरद वैष्णव, दीना पटेल, लोकेश यदु, वीरेंद्र साहू, आशीष कॉमडे, डिकेस साहू आदि मौजूद थे।

#### सांस्कृतिक विरासत पर चर्चा

जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत पर अपनी बात रखी। अध्यक्षता मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने किया। आयोजन के अंतिम चरण में वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने कार्यपद्धति पर सारगर्भित उद्बोधन प्रशिक्षार्थियों के सम्मुख प्रस्तुत किया। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल ने की।

# अज्ञात का हटाया गया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



नगर के वार्ड 3 लक्ष्मी में निकाय स्वामित्व वाली भूमि पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर भवन का निर्माण किया गया था जिसे पुलिस बल एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की पहल से कब्जा मुक्त कराया गया है। सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि उक्त भवन में असामाजिक तत्वो का जमावडा होने से अपराधिक घटना होने की संभावना को देखते हुए पुलिस बल की सहायता लेकर कार्रवाई की गई। इस सबंध में अनुविभागीय अधिकारी ने शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने नायब तहसीलदार जगदेव प्रसाद खूंटे का जिम्मेदारी सौंपा गया था।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### देवकट्टा से कन्हारगांव मार्ग पर गड्ढे

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत देवकट्टा से कन्हारगांव तक 2022 में सड़क बनाई गई थी, जो चार साल में बदहाल हो गई है। निर्माण के समय ही ठेकेदार की कार्यप्रणाली को लेकर कई शिकायतें सामने आई थीं, लेकिन अधिकारियों ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई। लोगों के अनुसार निर्माण के दौरान डामर की पतली परत बिछाई गई। सड़क किनारे मुरुम नहीं डाला गया और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई जिसके परिणामस्वरूप कुछ ही महीनों में सड़क उखड़ने लगी और जगह-जगह गड्ढे हो गए। जानकारी के अनुसार निर्माण की शर्तों में पांच वर्षों तक रखरखाव करना शामिल है किन्तु कागजों पर ही मरम्मत दिखाकर औपचारिकता पूरी कर दिया जा रहा है। जमीनी स्थिति खराब है। ग्रामीणों ने गुणवत्ता की जांच और शीघ्र ही मरम्मत कराने की मांग की है।

### कर्मचारियों ने उपमुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# मांग पूरी नहीं हुई तो निकाय के कर्मचारी करेंगे हड़ताल

## 15 अप्रैल तक का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने नए श्रम कोड के तहत केंद्रीय वेतनमान की मांग को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नाम ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि 15 अप्रैल तक उनकी मांगों पर उचित आदेश जारी नहीं किया गया, तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने मजबूर होंगे।

नगर पंचायत गंडई के कर्मचारियों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार भारत सरकार ने 29 पुराने श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 नए श्रम कोड अधिसूचित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं श्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने एक अप्रैल से पूरे देश में समान वेतनमान लागू करने की घोषणा की थी, परंतु, छत्तीसगढ़ में अब तक इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है।



**आंदोलन की रूपरेखा**

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर शासन को अल्टीमेटम देते हुए बताया है कि 15 अप्रैल 2026 तक सर्कुलर जारी किया जाए किन्तु ऐसा नही होने पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के बैनर तले प्रदेश भर के निकाय कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### कर्मचारियों में आक्रोश और निराशा

ज्ञापन में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ में वर्तमान में प्रचलित दरें और श्रम सुविधाएं केंद्रीय मानकों की तुलना में कम हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों के आर्थिक हितों पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वह स्वयं को ठगा महसूस कर रहे हैं और महंगाई के दौर में परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है।

# कृषि विभाग की सख्ती अनियमितता पर नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ 6 कृषि केंद्रों का निरीक्षण

जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री उपलब्ध कराने व अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित कृषि निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित आधा दर्जन कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ कृषि केंद्रों में रिकॉर्ड संधारण, स्टॉक रजिस्टर, विक्रय पंजी और लाइसेंस संबंधी अनियमितता पाई गईं। अधिकारियों ने मौके पर ही संबंधित संचालकों से जवाब तलब किया और नियमों के पालन करने की हिदायत साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### एक केंद्र के स्टॉक पर बिक्री प्रतिबंध

निरीक्षण दौरान एक कृषि केंद्र में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर उसके उपलब्ध स्टॉक के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभाग ने संबंधित संचालक को सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा हैं। उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी ने बताया कि किसानों के हितों की रक्षा और उन्हें गुणवत्ता युक्त खाद, बीज एवं उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेंगा।

# उद्यमियों को बिजनेस डेवलपमेंट सपोर्ट कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार की रैंप योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, उन्हें बाजार से जोड़ने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आज दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव में बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर प्रोग्राम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों एवं महिला संचालित एमएसएमईएस को बाजार विकास हेतु आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता, प्रदर्शनी एवं मेलों में भागीदारी, ब्रांड प्रमोशन तथा निर्यात के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




### कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

महिला उद्यमिता न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को बड़े बाजारों तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। कार्यशाला के दौरान विशेष जानकारी प्रदान की गई। जिसमें बिजनेस डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर प्रोग्राम (बीडीएसपी) योजनाएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के मेलों/प्रदर्शनी में भागीदारी की प्रक्रिया, उत्पाद ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेबलिंग में सुधार, गुणवत्ता प्रमाणन एवं मानकीकरण का महत्व, बी-2-बी एवं बी-2-सी मार्केट लिंकज के अवसर ई-कॉमर्स एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से बिक्री विस्तार, सरकारी सहायता एवं अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया, प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी, प्रेरक एवं मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में ऐश्वर्या ओझा, मास्टर ट्रेनर बृजेन्द्र गिरी, रोहित शर्मा, वासुदेव वर्मा एवं जिला को-ऑर्डिनेटर रजत वर्मा की उपस्थिति रही।

# भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के संस्थापक नेताओं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया।

प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी आठ मंडलों व जिला मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिला कार्यालय पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पार्टी की स्थापना वर्ष 1980 में हुई थी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेताओं ने संगठन को मजबूत किया। आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है, वहीं प्रदेश में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्य गति पकड़ रहे हैं। उन्होंने हाल ही गठित में मोर्चा प्रकोष्ठों के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कार्यकर्ताओं को संदेश देते हुए कहा कि संगठन में पद केवल नाम के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि सभी को साथ लेकर चलना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचना ही सच्चे कार्यकर्ता की पहचान है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा द्वारा अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें जमीनी स्तर तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

## भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे



### समग्र विकास के लिए भाजपा प्रतिबद्ध

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले की घोषणा तो की गई है लेकिन इसके लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भाजपा सरकार इस नवगठित जिले के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य किया जाएगा। वरिष्ठ नेता टीके चंदेल ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य घम्मन साहू ने बताया कि मंडल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के बाद जिला स्तर पर 47वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाएंगे। साथ ही 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. बिशेसर साहू ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए हैं, जो संगठन की एकजुटता को दर्शाता है।

### पुष्पगुच्छ भेंटकर किया सम्मान

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी द्वारा सौंपी जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु विक्रांत सिंह का जिलाध्यक्ष डॉ. साहू के नेतृत्व में आठों मंडलों के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष आयश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने विक्रांत सिंह से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया, जिस पर उन्होंने सभी को बधाई दीं। कार्यक्रम का संचालन नवनीत जैन व शशांक ताम्रकार ने किया। इस दौरान नीलिमा गोस्वामी, प्रकाश सिंह, जैनेन्द्र जंघेल, जमुना कुर्रे, जंत्री साहू, दीना जंघेल, अशोक पाल, आनंद सिन्हा, ललित चोपड़ा, भावेश कोचर, देबकुमार सेन, गोरेलाल वर्मा, भोज बंजारे, राकेश ठाकुर, पेमेंद्र चंदेल, शत्रुघ्न साहू, विनय देवांगन, चंद्रशेखर यादव, सतीश वर्मा, आयश सिंह, अनिल अग्रवाल, पन्ना मंडावी, गिरजा चंद्राकर, ज्ञान यादव, दिवाकर सोनी, श्यामपाल ताम्रकार, राजू जंघेल, राजकुमार जंघेल, श्यामसुंदर साहू, दिनेश जंघेल, उमा चौबे, केशव चंदेल, भीखू हिरवानी, प्रेमसागर गुप्ता, देवीन बाई कोठले, वंदना तांडेकर, नीलम राजपूत, दिलेश्वर यदु, साकेत श्रीवास्तव, केशव वर्मा, मुकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 9 को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार

**राजनांदगांव।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी व सुचारू क्रियान्वयन हेतु निर्धारित मानदेय पर एक वर्ष की अवधि के लिए जिला स्तर पर जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) पद लिए दावा-आपत्ति के निराकरण पश्चात मेरिट सूची तैयार तथा प्रावधान अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन जिले की वेबसाईट एवं विभाग के सूचना पटल पर किया जा सकता है। समन्वयक एवं एमआईएस सहायक पद के लिए 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में कम्प्यूटर टेस्ट का आयोजन किया गया है।

# जिले में मना रोजगार व आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन के निर्देश पर जिले के सभी 221 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस, आवास दिवस और चावल महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रति माह की तरह इस माह भी सात तारीख को मनरेगा कार्यस्थल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित अन्य आवास योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण को 90 दिवस में पूरा करने विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही हितग्राहियों को प्राप्त राशि की जानकारी प्रदान करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूरा करने और मांग आधारित नवीन कार्य प्रारंभ करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान के अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया को लेकर स्थलों का चिन्हांकन कर कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की दीदियों को सामग्री आपूर्ति देकर आजीविका गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जियो-टैगिंग कार्यों की पूर्णता, शिकायतों के त्वरित निराकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। जल संरक्षण, संवर्धन में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने रणनीति बनाई गई और 10 अप्रैल को जल संरक्षण को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसके तहत जिला के प्रत्येक ग्रामीण परिवार श्रमदान कर अपने घर में सोखता गड्ढा का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।



# भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की विशेष एडवाइजरी जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में लगातार बढ़ते तापमान व तीव्र गर्म हवाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने लू तापाघात से बचाव को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश जारी किया हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान प्रारंभ करते हुए नागरिकों के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है।

सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों में तेज धूप, उच्च तापमान, शुष्क वातावरण के कारण हीट-स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। लू लगने की स्थिति में शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है और शरीर में पानी सहित आवश्यक खनिज लवणों की कमी होने लगती है, जिससे व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो सकती है। उन्होंने बताया कि खेतों में कार्यरत किसान, निर्माण कार्य में लगे श्रमिक, यातायात कर्मी, बाजार व खुले स्थानों पर कार्य करने वाले नागरिक लू के सर्वाधिक जोखिम समूह में शामिल हैं। ऐसे में समय रहते सावधानी अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### जिला प्रशासन की अपील

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर जाने से बचें। घर से निकलते समय सिर, कान एवं गर्दन को कपड़े या गमछे से ढके साथ ही हल्के रंग के सूती वस्त्र पहनें। छाता या टोपी का उपयोग करें और प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, नींबू पानी, लस्सी, ओआरएस सहित अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें तथा बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें। अत्यधिक श्रम, व्यायाम एवं नंगे पैर धूप में चलने से बचें और घर एवं कार्यस्थल पर ठंडा हवादार वातावरण बनाए रखें।

### बताया गया लक्षण, दिया सुझाव

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लू लगने की स्थिति में तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर या बेहोशी, उल्टी, घबराहट एवं कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसके साथ ही सांस लेने में तकलीफ, दिल की धडक़न तेज होना, शरीर में ऐंठन तथा त्वचा का लाल, गर्म एवं सूखी हो जाना भी गंभीर संकेत हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देना आवश्यक है इस स्थिति मे लू से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार एवं ठंडे स्थान पर लिटाना चाहिए तथा उसके शरीर को गीले कपड़ से ठंडा कर हवा करना चाहिए। यदि मरीज बेहोश हो तो उसे कुछ भी खाने-पीने के लिए नहीं देना चाहिए। होश में होने की स्थिति में ओआरएस घोल, ठंडा पानी या कच्चे आम का पना दिया जा सकता है। शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखना भी लाभकारी होता है। इसके साथ ही बिना विलंब नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराना आवश्यक है।

### अलर्ट मोड पर रखा गया

जिले के सिविल अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लू प्रबंधन को लेकर आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयां, ओआरएस, आईवी फ्लूड सहित उपचार व्यवस्था उपलब्ध करा दी गई है। हीट-स्ट्रोक प्रबंधन को लेकर अलर्ट मोड पर रखा गया है। **-डॉ आशीष शर्मा,** सीएचएमओ

**कार्यालय, ग्राम पंचायत पांडादाह**
**जपं खैरागढ़, जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

क्रमांक- 007/ ग्रा.पं. /2026-27 दिनांक 30/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र 2026-2027 के लिए ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले साप्ताहिक/दैनिक बाजार की नीलामी सोमवार दिनांक 13/04/2026 को दोपहर 12 बजे ग्राम पंचायत द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव अनुसार किया जाना है। जिसकी नीलामी कार्यालय भवन में नियमानुसार होगी।

1. **साप्ताहिक बाजार** - अमानत राशि 50,000/-रूपए
2. **दैनिक हटरी** - अमानत राशि 30,000/- रूपए

इच्छुक बोलीकर्ता अमानत राशि जमा कर नीलामी बोली में शामिल हो सकते हैं। नीलामी को लेकर नियम व शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय मे सूचना पटल पर किया जा सकता है।

**श्रीमती तुलसी नितिन भांडेकर** सरपंच
**श्याम सिंह धुर्वे** सचिव

### बैगा आदिवासी समुदाय के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई

# सिंगबोरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पीएम जनमन ग्राम सिंगबोरा में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बैगा जनजाति के स्वास्थ्य, आर्थिक एवं सामाजिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। पदयात्रा एवं समूह चर्चा के माध्यम से समुदाय को जागरूक किया गया।

शिविर में टीबी उन्मूलन अभियान के तहत बैगा आदिवासी समुदाय के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग की गई। अत्याधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से छाती की जांच की गई तथा हितग्राहियों का बीपी, शुगर एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण कर परामर्श दिया गया। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड मौके पर बनाकर निःशुल्क उपचार योजना से जोड़ा गया।




### दूरस्थ तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दूरस्थ एवं विशेष जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु निरंतर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को ग्राम स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें विशेष रूप से गर्भवती माताओं की जांच, पोषण सेवाएं, संस्थागत प्रसव तथा बच्चों के टीकाकरण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### सशक्तिकरण पर जोर

कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन बाई यादव के नेतृत्व में बैगा जनजाति के स्वास्थ्य, आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण हेतु समुदाय आधारित गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने का आव्हान किया गया। शिविर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिसेसर साहू, घम्मन साहू, जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, पंचू मरकाम आदि उपस्थित थे।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बृजेश ताम्रकार, राजेश हिरवानी, राजेश कोर्राम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लक्ष्मी जंघेल, मेघराज चंदेल, मितानिन विकासखंड समन्वयक, मितानिन कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### लखोली में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित

राजनांदगांव। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए जीवनदीप समिति की पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिशुओं, वृद्धजनों और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क उपचार जांच कराने एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने चर्चा की गई। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. सतीश मेश्राम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराते बताया कि केंद्र में लखोली के पांच वार्ड सहित आसपास के रहवासियों को यहां समुचित इलाज की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ ने पार्षद निर्मलकर को परिसर में वृक्षारोपण, पेयजल एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। पिछले साल हुए बैठक में स्टाफ के मांग अनुसार नल कनेक्शन प्रारंभ किया गया। मरीजों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लगे वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। बैठक में बीएमओ डॉ. सतीश मेश्राम, डॉ. ईशा, फार्मेसिस्ट संगीता, कल्पना एवं स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ मौजूद रहे।



### संस्कृत भाषा की ऑनलाइन पाठशाला प्रारंभ

राजनांदगांव। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि संस्कृत भाषा की ऑनलाइन पाठशाला प्रारंभ हो चुका है। सभी सनातनी हिन्दू भाईयों से आग्रह है कि संस्कृत भाषा में भी रूचि लेकर जानने वाले भाषा के रूप में संस्कृत भाषा को भी दर्ज कराएं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि पिछली जनगणना से प्राप्त आंकड़ा के अनुसार देशभर में संस्कृत भाषा बोलने वाले की संख्या मात्र दो हजार थी, जब कि अरबी और फारसी बोलने वालों की संख्या संस्कृत भाषा से कहीं अधिक था। संस्कृत भाषा को सभी भाषाओं की जननी कहा जाता है। आज हमारी सनातनी भाषा विलुप्त होने के कगार पर है। ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि जनगणना अधिकारी के समक्ष संस्कृत भाषा को भी अन्य बोले जाने वाले भाषा के रूप में दर्ज कराएं। संघ ने देश व प्रदेशवासियों को संस्कृत भाषा बचाओ अभियान में जुड़ने की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी वैभव निर्वाणी, तारक निर्मोही एवं आकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से दी।



### अयोध्या में जय भारत बैंड की शानदार प्रस्तुति

राजनांदगांव। अयोध्या में लता मंगेशकर चौक व रामलला के मंदिर प्रांगण में नगर की प्रसिद्ध बैंड जय भारत बैंड ने शादार बैंड की धुन में राम आएंगे की गीत पर अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति से जय भारत बैंड ने शहर का गौरव और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया। 40 कलाकारों के दल ने यह प्रस्तुति 4 अप्रैल 2026 को दी। बैंड के संचालक मुन्नालाल केमे व मेघराज केमे ने बताया कि हमारी बैंड प्रत्येक राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। इस दल की प्रस्तुति को सभी संगीत प्रेमियों ने सराहा।

### कॉन्फ्लुएंस कॉलेज में विदाई समारोह आयोजित



राजनांदगांव। कॉन्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के शिक्षा विभाग द्वारा बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह (फेयरवेल) का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जूनियर विद्यार्थियों ने सीनियर्स के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते कॉलेज में बिताए सुनहरे पलों को याद किया। इस अवसर पर कई मनोरंजक गतिविधियों, खेलों एवं प्रतिभा प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते कॉलेज के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी हमारे संस्थान की पहचान होते हैं। बी.एड. के ये विद्यार्थी भविष्य में एक आदर्श शिक्षक बनकर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हमें विश्वास है कि वे अपने ज्ञान और संस्कारों से देश का नाम रोशन करेंगे। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि नए जीवन की शुरूआत का संकेत है। आप सभी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते भावभीनी विदाई दी।

## रंगीटोला में विवाद, नारायणगढ़ के लोग तैयार

# शराब दुकान खोलने की मांग दो गांव से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण

*गांव में शराब दुकान खुलने पर ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किया जाता है, लेकिन मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में ठीक इसके विपरीत नजारा दिखाई दिया। यहां सैकड़ों ग्रामीण महिला और पुरुष कलेक्टोरेट कार्यालय शराब दुकान की मांग करने पहुंचे थे। शराब दुकान की मांग को लेकर गैंदाटोला और नारायणगढ़ से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी मांग से सबको हैरत में डाल दिया। यहां महिलाएं भी शराब दुकान खोलने सहमत दिखाई दिए। दोनों ही गांव से पहुंचे ग्रामीणों की अलग-अलग मांग थी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गैंदाटोला ग्राम पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2024 के जुलाई माह से अंग्रेजी शराब दुकान संचालित है। अब गांव की इस जगह से शराब दुकान को स्थानांतरित करने निविदा जारी हुआ है। जिसके बाद यहां के ग्रामीणों ने इस शराब दुकान को यथावत रखने की मांग करते कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे।



ग्रामीणों का कहना था कि महाराष्ट्र सीमावर्ती गांव होने के चलते यहां पर अवैध शराब काफी मात्रा में बिक रहा था, लेकिन यहां अंग्रेजी शराब दुकान खोलने से अवैध शराब बिक्री में अंकुश लगा है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि गांव के जिस जगह पर शराब की दुकान खोली गई है, वहां ग्राम विकास समिति द्वारा जनसहयोग से शराब दुकान के लिए भवन निर्माण हुआ है, जिस पर आने वाली किराये की राशि समिति द्वारा जनहित के कार्यों में खर्च की जाती है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने

### शराब दुकान हटा तो करेंगे आंदोलन

गैंदाटोला के ग्रामीणों ने चेतावनी देते कहा है कि अगर यहां से शराब दुकान हटा दी गई तो गांव में फिर शराब दुकान कहीं भी नहीं खुलने देंगे। ग्राम विकास समिति के लेटर पैड पर सरपंच उषा गुप्ता, ग्राम पटेल महेश गुप्ता सहित अन्य लोगों ने अपने हस्ताक्षर करते यहां शराब दुकान यथावत रखने मांग की है।

### वहां विवाद तो हमारे गांव में दे दो शराब दुकान



ग्राम चिचोला क्षेत्र के रंगीटोला में शासन द्वारा शराब दुकान खोला जाना प्रस्तावित है। जिसकी स्वीकृति भी हो गई है, लेकिन जिस जगह पर शराब दुकान स्वीकृत किया गया है, उस जगह को लेकर विवाद देखने को मिल रहा है। इस विवाद के बीच सड़क के इस पार नारायणगढ़ पंचायत के लोग रंगीटोला में शराब दुकान खोलने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न होता देख उक्त शराब दुकान को अपने गांव में खुलवाने के लिए प्रस्ताव रखा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर उक्त शराब दुकान को बिना किसी विवाद के नारायणगढ़ में खोलने की मांग की है। ग्राम पंचायत नारायणगढ़ में शराब दुकान खोलने के समर्थन में लगभग डेढ़ सौ की संख्या में महिला और पुरुष कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे थे।

### महिलाओं ने किया शराब दुकान का समर्थन

ग्राम पंचायत नारायणगढ़ के सरपंच जफर अली, गांव की उप सरपंच रेशमा निषाद, ग्राम पटेल प्रीतराम ठाकुर और पंच पल्टीनबाई जोशी सहित ग्रामीणों ने अपने गांव में शराब दुकान खोलने की सिफारिश लेकर पहुंचे थे। ग्राम की महिला पंच ने तो यहां तक कह दिया कि गांव में शराब दुकान खोलने से गांव का फायदा होगा। वहीं महिला उप सरपंच ने कहा कि गांव में शराब दुकान खोलने से किसी तरह का विवाद और आपत्ति नहीं है। गांव में शराब दुकान खोलने के समर्थन को लेकर सरपंच जफर अली ने कहा कि गांव में सभी एकमत हैं। शासन को हम जगह के साथ भवन भी देने तैयार हैं। उन्होंने कहा कि रंगीटोला में शराब दुकान खोलने को लेकर विवाद है तो हमारा पंचायत शराब दुकान खुलवाने तैयार है।

## आरक्षण पर नौकरी में धर्म परिवर्तन पश्चात सेवा समाप्त करने की मांग

राजनांदगांव। हिंदू जागरण मंच ने प्रदेश सरकार द्वारा लाए गए धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का स्वागत करते इस अधिनियम के लिए प्रदेश सरकार का आभार जताया है। वहीं मंच द्वारा आरक्षण पर नौकरी करते धर्म परिवर्तन करने वालों की सेवा समाप्ति करने मांग की गई है। हिंदू जागरण मंच द्वारा धर्म स्वातंत्र्य विधेयक लाने को लेकर ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार का आभार जताया गया।

मंच के अध्यक्ष सुशील लड्ढा ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। इस कानून से समाज में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार के दबाव, लालच या प्रलोभन के माध्यम से किए जाने वाला धर्म परिवर्तन रूकेगा। वहीं उन्होंने प्रदेश सरकार के नाम दिए गए ज्ञापन में मांग करते कहा कि आरक्षण के बल पर शासकीय नौकरी प्राप्त करने के बाद अपनी जाति-धर्म छोड़कर दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों पर सरकार जांच करें और धर्म परिवर्तन करने वाले ऐसे व्यक्तियों को तत्काल शासकीय सेवा से बर्खास्त किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू जागरण मंच के प्रवीण शर्मा, सविता बोस, जुगल गुप्ता, कमलेश्वरी साहू, हेमंत कश्यप, आशीष पांडे, भोला यादव, विष्णु सिन्हा, सत्यम जयसवाल, हरीश भानुशाली, अरुण रजक, नीलू साहू, ऋषभमल, हेमलाल ढीमर, ज्योति खंडेलवाल, मोना गोसाई, पंपा सिंहा, देवकुमारी साहू, मंजू रानी, संतोष तुरहते, मनोज गोलछा, संजय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## केन्द्राध्यक्षों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महंत राजा बलराम दास शा.उ.अं.मा.शाला राजनांदगांव (स्टेट स्कूल) में 7 अप्रैल को जिले के 88 परीक्षा केंद्रों में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा नियुक्त केन्द्राध्यक्षों के प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम को छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के उप सचिव डॉ. बी. रघु, जिले के नोडल अधिकारी विश्वास कुमार, डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने संबोधित किया एवं जिले के मास्टर ट्रेनर मनोज चौहान द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सहायक संचालक बी. संगीता राव एवं समन्वय केन्द्र के प्राचार्य माधो सिंह भी उपस्थित थे।

केन्द्राध्यक्षों को प्रशिक्षण में एक बार लॉक होने वाला सिस्टम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा की गोपनीयता को बनाए रखने जो नए नियम लागू किए गए हैं, उस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण से पहले परिवहन अधिकारियों को भी प्रशिक्षण दिया गया।



### आगामी 10 अप्रैल को प्रारंभ होगी परीक्षा

जिला परीक्षा कक्ष प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कक्षा 12वीं विषय हिन्दी के प्रश्न पत्र समस्त केन्द्राध्यक्षों को कल 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे से महंत राजा बलराम दास शास.उ.अं.मा.शा. राजनांदगांव (स्टेट स्कूल) में पार्टी ऑफिसर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी की निगरानी में वितरित किया जाएगा। आगामी 10 अप्रैल को सुबह 9 बजे से परीक्षा प्रारंभ होगी। राजस्व अधिकारियों के निगरानी में गोपनीय सामग्री थाना से निकालकर प्रत्येक केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा दिवस को अपने विकासखंड अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकने हेतु सतत निगरानी करेंगे।

## एबीवीपी की पहल रंग लाईः व्यापम परीक्षा के चलते सेमेस्टर एग्जाम की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के हित में उठाई गई पहल सफल रही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन के बाद प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी है।

ज्ञात हो कि 26 अप्रैल 2026 को व्यापम की महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित होने वाली है। जिसमें महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होने वाले थे। इसके अगले ही दिन सेमेस्टर परीक्षा निर्धारित होने के कारण विद्यार्थियों को पर्याप्त तैयारी और मानसिक विश्राम का समय नहीं मिल पा रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते एबीवीपी ने विद्यार्थियों की ओर से परीक्षा तिथि परिवर्तन की मांग रखी थी। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए यह मांग की गई थी, जिसे महाविद्यालय प्रशासन ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

उन्होंने इस निर्णय के लिए प्राचार्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों को दोनों परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी नोटिस के अनुसार अब सेमेस्टर परीक्षा की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। इस निर्णय से विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने एबीवीपी के इस प्रयास की सराहना की है।

यह निर्णय दर्शाता है कि जब छात्रहित के मुद्दों को संगठित रूप से उठाया जाता है, तो सकारात्मक परिणाम अवश्य मिलते हैं।

## पेज 9 के शेष

### बलदेव सिंह भाटिया गुरुद्वारा ...

ही संगत में हर्ष का माहौल बन गया और उपस्थित सभी लोगों ने बोले सो निहाल की गूंज के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब के बुजुर्गों, समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं संगत ने नवनियुक्त अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार बलदेव सिंह भाटिया अपने अनुभव, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता के बल पर गुरुद्वारा कमेटी का गठन कर प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे। धार्मिक, सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। बैठक के दौरान गुरुद्वारा के बेहतर संचालन, संगत की सुविधाओं में वृद्धि तथा भविष्य की योजनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा की गई। संगत ने एकजुट होकर गुरुद्वारा साहिब की सेवा और विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाली समस्त संगत का आभार व्यक्त किया गया। सभी से भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।

## केवाईसी के बहाने राशन से वंचित किए जा रहे लोग



राजनांदगांव। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री इकरामुद्दीन सोलंकी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते कहा कि प्रदेश में पिछले पांच महीनों से राशन वितरण व्यवस्था चरमराई हुई है। सरकार राशन दुकानों तक नियमित रूप से चावल पहुंचाने में असफल रही है। जिसके कारण हितग्राहियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री सोलंकी ने कहा कि पांच माह से राशन कार्डधारकों को चावल नहीं मिला है। जबकि सरकार तीन महीने का चावल एकमुश्त देने का प्रचार कर "चावल उत्सव" मनाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में राशन दुकानों में मात्र 30 प्रतिशत चावल ही उपलब्ध है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब दुकानों तक पर्याप्त मात्रा में चावल नहीं पहुंचा, तो उपभोक्ताओं को वितरण कैसे होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवाईसी के नाम पर राशन वितरण रोक रही है। सोलंकी के अनुसार करीब 32 लाख राशन कार्डधारकों के कार्ड केवाईसी के नाम पर निरस्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह जनविरोधी कदम है और सरकार जानबूझकर पात्र हितग्राहियों को राशन से वंचित कर रही है। श्री सोलंकी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व जब राशन कार्ड बनाए गए थे, तब आधार कार्ड सहित सभी आवश्यक दस्तावेज लिए गए थे। इसके बावजूद अब अचानक केवाईसी के नाम पर कार्ड निरस्त करना समझ से परे है।

## 44 विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में गणित विभाग द्वारा एमएससी गणित (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के 44 विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह संपूर्ण भ्रमण गणित विभाग द्वारा स्वप्रेरित एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया। जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. केके देवांगन का विशेष मार्गदर्शन एवं नेतृत्व रहा।



इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सेंटर ऑफ बेसिक साइंस, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का भ्रमण किया, जहां उन्होंने रसायन, भौतिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय का अवलोकन किया।

## प्रतिमा को मिली शहर कांग्रेस प्रवक्ता की जिम्मेदारी

■ शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसे जिला एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, जितेन्द्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित कर प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी मलकीत सिंह गैंदू के मार्गदर्शन में जारी किया गया।



इस कार्यकारिणी में कांग्रेस नेत्री प्रतिमा खिलेश बंजारे को शहर कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

प्रतिमा बंजारे लंबे समय से कांग्रेस संगठन में जुड़ी हुई है। वे पूर्व में भूपेश बघेल के शासनकाल में नगर निगम के एल्डरमैन रहे। वे पूर्व महापौर हेमा देशमुख की मार्गदर्शन/कार्यकाल में कांग्रेस पार्टी के समर्पित भाव से कार्य किए हैं।

वर्तमान में जिला सतनामी सेवा समिति 5041 की महिला उपाध्यक्ष के पद पर सेवारत है।

वे एक्सपर्ट जिम समिति के कार्यसमिति की प्रमुख महिला सदस्य के रूप में सहयोग प्रदान करते हैं।

## निधन



### फूलचंद बाफना

राजनांदगांव। गीदम निवासी दंतेश्वरी सर्विस स्टेशन पेट्रोल पंप के संचालक एवं मालिक फूलचंद बाफना पिता स्व. मेघराज जैन का राजनांदगांव के पूर्व महापौर अजीत जैन के निवास स्थान में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव मुक्तिधाम में किया गया। 80 वर्षीय फूलचंद बाफना पूर्व महापौर अजीत जैन के ससुर थे तथा वे विगत 8 वर्षों से अपनी धर्मपत्नी के साथ अपनी पुत्री सुनिता जैन के साथ निवास कर रहे थे। फूलचंद बाफना की पत्नी सुवाबाई एवं चार पुत्रियां है। फूलचंद बाफना की अर्थी को कंधा मुखाग्नि व कपाल क्रिया उनकी पुत्री सुमन दुग्गड पति स्व. राजकुमार दुग्गड़ निवासी जगदलपुर व सुनिता जैन पति अजीत जैन एवं श्रीमती संतोष बोथरा पति राजकुमार बोथरा निवासी जगदलपुर, श्रीमती सीमा सुराना पति अरविंद सुराना निवासी गीदम द्वारा किया गया है। अंत्येष्ठि में राजनांदगांव शहर के गणमान्य नागरिक, परिवारजन, रिश्तेदार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## वरिष्ठों ने फहराया झंडा, पुरोधाओं को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भाजपा का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिला भाजपा कार्यालय में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और वंदे मातरम के साथ हुई। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने झंडारोहण कर अपने पुरोधाओं को नमन किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि राष्ट्रवाद का जो बीज 1951 में बोया गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर पूरे देश में खड़ा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का गठन हुआ था और आज समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर यह दुनिया की सबसे बड़ी




राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचार और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है। जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने पार्टी के मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को दोहराते कहा कि भाजपा लगातार देश और समाज के विकास के लिए कार्य कर रही है।

कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता सुरेश एच. लाल व योगेश दत्त मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भावेश बैद व आभार भाजपा उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी ने किया।

### 12 तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान

भाजपा का 47वां स्थापना दिवस राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिला कार्यालय के साथ-साथ मंडल एवं बूथ स्तर पर मनाया गया। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष और स्थापना दिवस के जिला संयोजक भावेश बैद ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर बीजेपी 7 से 12 अप्रैल तक प्रदेशभर में गांव-बस्ती चलो अभियान चलाएगी। इस अभियान के दौरान बीजेपी के सभी जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, मेयर और नगर पालिका अध्यक्षों से लेकर पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेता शामिल होंगे। इस दौरान वह गांव जाकर शासन की योजनाओं के हितग्राहियों और आम लोगों से संवाद करेंगे।



## लापरवाही : तेजी से सूख रहा गांव का निस्तारी तालाब, ग्रामीणों में चिंता

# बोर नहीं, तालाब सूखने की कगार पर, गर्मी में गहराएगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में स्थित दो बड़े तालाब पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। करीब दस-दस एकड़ में फैले ये दोनों तालाब वर्षों पुराने हैं, जिनका निर्माण बुजुर्गों के समय में हुआ था और आज तक पूरे गांव के निस्तार का प्रमुख साधन बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन तालाबों से गांव के सुख-दुख के सभी कार्य जुड़े रहे हैं, लेकिन वर्तमान में देखरेख के अभाव में इनकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। हर वर्ष बरसात के दौरान नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जाता है, लेकिन इसके अलावा पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने से गर्मी शुरू होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगता है। मार्च माह में ही तालाबों का यह हाल होने से आने वाले समय में इनके पूरी तरह सूखने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में एक हैंडपंप बोर के माध्यम से मोटर लगाकर तालाब में पानी भरा जाता था, जिससे पानी की समस्या काफी हद तक नियंत्रित रहती थी। वर्तमान में वह बोर भी बंद पड़ा है और उसकी कोई देखरेख नहीं हो रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत को 16वें वित्त आयोग एवं मूलभूत मद के तहत पर्याप्त राशि प्राप्त होती है, जिसका उपयोग ऐसी आवश्यक सुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। इसके बावजूद अब तक तालाब में नए बोर खनन या पुराने बोर के सुधार की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।

### गर्मी को देखते हुए तालाब में बोर खनन की मांग



जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए तत्काल तालाब में बोर खनन कराया जाए अथवा पुराने बोर में मोटर स्थापित कर उसे चालू किया जाए, ताकि तालाब में पानी बना रहे और गांव की निस्तारी व्यवस्था प्रभावित न हो। बताया जाता है कि अभी से ही तालाबों का यह हाल होने से आने वाले समय में इनके पूरी तरह सूखने की आशंका जताई जा रही है।

# नेऊर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

कुकदुर तहसील के ग्राम नेऊर स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिषर में 06 से 14 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताहिक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग एवं भगवान श्री कृष्णचंद्र और राधारानी की कृपा से आयोजित हो रहा है। कथा का वाचन कथाव्यास पं राजू महाराज राधानिकुंज सरईपतेरा, लोरमी द्वारा किया जा रहा है, वहीं आचार्य के रूप में पं सतीष उपाध्याय श्रीधाम वृंदावन उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इस आयोजन के संरक्षक के रूप में पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा का संरक्षण प्राप्त है। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती पार्वती एवं विष्णु सुनहले (सरपंच) तथा भूपेन्द्र एवं भुनेश्वरी सुनहले हैं, जबकि संचालन की जिम्मेदारी अशोक कुमार वैष्णव द्वारा किया जा रहा है। वहीं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं में भक्तिमय का माहौल बनी हुई है। कथा वाचक द्वारा यह धार्मिक आयोजन प्रतिदिन दोपहर 03:00 बजे से प्रभु कृपा तक चलेगा। जिस पर स्वजनों एवं नागरिकों से अपील कर सहपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह टीकाकरण अभियान किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिवस पर कुल 05 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। टीकाकरण उपरांत सभी लाभार्थियों की जानकारी यूवीन पोर्टल में सफलतापूर्वक दर्ज की गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी द्वारा सभी टीकाकृत बालिकाओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा अभिभावकों को इस टीके के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार यह टीकाकरण जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार एवं अवकाश दिवस को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं पात्र हैं। बालिकाओं को अपने अभिभावक के साथ आधार कार्ड-जन्म प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होने तथा टीकाकरण से पूर्व भोजन करने की सलाह दी गई है।

## खबर संक्षेप



### ध्वज हमारे संकल्प का प्रतीकः नितेश अग्रवाल

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने अपने निवास पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 से अनवरत यह यात्रा राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प के साथ चल रही है, अटल से लेकर नितीन नवीन तक पार्टी अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है, इन 46 वर्षों में विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में पार्टी ने पहचान बनाई। केन्द्र एवं अनेकों राज्यों में सरकार है धारा 370 , राम मंदिर, जैसे संकल्पों को पूरा किया गया एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को अंगीकार करते हुए, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी है भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के सरंक्षण एवं पुनर्जागरण कर भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने संकल्पित है। भाजपा राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के अंत्योदय को मानव सेवा मानते हुए सर्वजन हितेषी योजनाएं लाकर सबके उत्थान के लिए प्रयासरत है। महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी को शून्य से शिखर पर पहुंचाने के लिए पूर्वज नेताओं एवं असंख्य कार्यकताओं के परिश्रम, निष्ठा, समर्पण, के कारण यह संभव हो पाया है।

# गौमाता दु:खी है इसलिए सब दु:खी हैं, गौमाता सुखी होगी तो देश सुखी होगाः ज्योतिर्मयानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



सहसपुर लोहारा से पूर्व बिरनपुर कला में भव्य विशाल शोभायात्रा के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणि मंथन के साथ गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ और श्रीशिव महापुराण का पावन शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि आज गौ-वंश देश में दुःखी है, इसलिए सब दुःखी हैं अतिवृष्टि, अनावृष्टि, भूकंप, भय मरण आदि अनेकों कष्टों का सामना देश में लोग कर रहे हैं। जब गौ वंश देश में सुखी रहेगा गौ हत्या पूर्ण रूप से देश में बंद होगी। गौ को राष्ट्र माता का सम्मान मिलेगा तब सब सुखी हो जायेंगे। परम पूज्य गुरुदेव भगवान उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत विभूषित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज निरंतर इसी महाअभियान में लगे हैं कि गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता का सम्मान मिले। परम पूज्य शंकराचार्य के ऊपर षड़यंत्र पूर्वक आरोप लगाया जा रहा है परेशान किया जा रहा है। पर शंकराचार्य गौ रक्षा का कार्य कर रहे हैं और करते रहेंगे। आयोजन समिति ने अपील कर अधिक से अधिक संख्या में आकर श्रीशिव महापुराण कथा सुनकर और यज्ञ भगवान का दर्शन कर के जीवन को सफल बनावें।

# उचित मूल्य की दुकान कुण्डा में मनाया गया चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप ग्राम कुण्डा में स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान में जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ ग्रामीणजनों व हितग्राहियों के उपस्थिति में चांवल उत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को पूरे प्रदेश में चांवल उत्सव मनाया गया, जिसमें 81 लाख से अधिक राशनकार्ड धारियों को चांवल उत्सव के तहत चांवल वितरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य चांवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना और पात्र हितग्राहियों को समय पर चावल उपलब्ध कराना है राज्य सरकार का लक्ष्य है हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचना है। यह आयोजन विशेष रूप से 7 अप्रैल को राज्य भर में राशन दुकानों पर एक साथ आयोजित किया गया ताकि किसी भी पात्र परिवार को राशन से वंचित रहना न पड़े, इसी क्रम में ग्राम कुण्डा में स्थित उचित मूल्य की दुकान 4024 में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग विकासखण्ड पंडरिया के तत्वाधान में चांवल उत्सव मनाया गया। उचित मूल्य दुकान आईडी 4024 कुण्डा में क्षेत्रीय जनपद सदस्य अम्बिका गोलू सोनवानी, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के करकमलो से पात्र हितग्राहियों को चांवल वितरण कर शुभारंभ किया गया।

# टीएस सिंहदेव का महली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम महली में छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव एवं प्रदेश के पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी का सोमवार को उनका आगमन एवं प्रवास पर महली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य फूल-माला व पटाखे के साथ स्वागत किया गया। जहां पूर्व उपमुख्यमंत्री स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन और सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम में शिरकत परिचर्चा किया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नया जोश का संचार हुआ। वहीं आसपास क्षेत्र में टीएस सिंहदेव के आगमन की सूचना पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिली। इस दौरान जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्जुन तिवारी, उत्तरा दिवाकर, घनश्याम साहू, अशोक कश्यप, दिनेश पाण्डेय, परमानंद साहू, उत्तर चंद्राकर, अवनीश कश्यप, रघुराई चंद्राकर सहित आसपास क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# केंद्रीकृत परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



■ संकुल पिपरिया में 40 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर प्राचार्य का सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

संकुल पिपरिया अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा एवं संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े के मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन बेहतर व्यवस्था के साथ किया गया।

परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र प्रतिदिन पुलिस थाना पिपरिया से प्राप्त कर संकुल केंद्र के माध्यम से केंद्राध्यक्षों को वितरित किए गए। परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्राध्यक्षों द्वारा अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल पुनः संकुल केंद्र में जमा कराए गए। पूरे आयोजन में अनुशासन और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। इस केंद्रीकृत परीक्षा में संकुल पिपरिया अंतर्गत 12 प्राथमिक शालाएं एवं 8 पूर्व माध्यमिक विद्यालय शामिल थें। अंतिम दिवस पर संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक द्वारा सेजेस पिपरिया (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम) का निरीक्षण किया गया तथा सभी केंद्राध्यक्षों को सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इसी अवसर पर संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा के 40 वर्ष के सफल सेवाकाल पूर्ण होने पर संपूर्ण शिक्षक परिवार द्वारा उनका सम्मान कर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े, प्रधान पाठिका श्रीमती अमृता श्रीवास्तव, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती सूर्या नामदेव, राजकुमार बंजारे एवं शेखर चंद्रवंशी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कुई में लोकनृत्य महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्र में लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित श्री सिद्धिविनायक लोक नृत्य महोत्सव 2026 का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने देर रात तक लोक नृत्यों का आनंद लिया।

महोत्सव में गोंडी, करमा, सुआ और पंथी जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा और लोक वाद्य यंत्रों की ताल पर कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि लोक नृत्य और परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 10,000 डॉ नितेश जायसवाल द्वारा निधि एवं निलेश डांस ग्रुप को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7,000 मुकेश कुंभकार द्वारा श्रद्धा डांस ग्रुप को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 5,000 जनपद सदस्य राजकुमार नेताम द्वारा नरसिंह देव डांस ग्रुप को प्रदान किया गया। वहीं चतुर्थ पुरस्कार 3,000 यशवंत श्रीवास एवं अभय मरावी द्वारा आदिवासी डांस ग्रुप को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

### जिला शिक्षा प्रकोष्ठ की परिचय बैठक संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन एवं भाजपा कबीरधाम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा प्रकोष्ठ कवर्धा की परिचय बैठक गत दिनों रविवा को जिला कार्यालय विवेकानंद भवन में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा स्थापना दिवस के आयोजन एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें माह जून में जिला शिक्षा प्रकोष्ठ का का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया, शिक्षा सत्र के आरम्भ में छात्र-छात्राओं को विद्यालय में जाकर जरूरत की सामग्री प्रदान करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा प्रकोष्ठ की जिला इकाई को मजबूती प्रदान करने का सभी वरिष्ठों ने संकल्प लिया। बैठक को भाजपा जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों से अवगत कराया तथा सभी को साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक बसंत शुक्ला, प्रकाश कुमार गुप्ता, पीपी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता, जीएन योगी, अशोक सिंह राजपूत, कैलाश शरण सिंह, महेश पटेल, रामशरण चंद्रवंशी, अशोक देवांगन, राजेश गुप्ता आदि ने संबोधित किया। जिला संयोजक राजू श्रीवास्तव ने संगठन के उद्देश्य संबंधी प्रतिवेदन पढ़ा और सभी सदस्यों से सदस्यता बढ़ाने पर आग्रह किया। प्रदेश कार्यालय से प्राप्त और जिला भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार संगठन के लिए कार्य करने की अपील की।

## जल संरक्षण के साथ आजीविका पर ग्रामीणों से हुई चर्चा

# रोजगार सह-आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के साथ आजीविका पर ग्रामीणों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन चांवल महोत्सव के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को आगामी 90 दिनों में पूर्ण करने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाया गया। आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी प्रदान की गई। सामग्रियों की आपूर्ति सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। रोजगार सह आवास दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने, मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा किया गया। प्रत्येक माह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों के बीच उत्साह का माहौल रहता है। क्योंकि इस दौरान उन्हें विभिन्न योजनाओं की नई जानकारियां प्राप्त होती है तथा समस्याओं का समाधान गांव में ही हो जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए गए। ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया हेतु स्थलों के चयन पर ग्रामीणों के साथ प्रस्तावित स्थलों का भ्रमण किया गया। कबीरधाम जिले में वर्षा ऋतु के पूर्व जल संरक्षण के साथ आजीविका संवर्धन की दिशा में अनेको प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में आजीविका डबरी का कार्य भी जोरो में चल रहा है और इसे जल्द पूरा करते हुए उपयोगी बनाने पर चर्चा हुई।

### निधनः धीरेन्द्र श्रीवास्तव



**हरिभूमि कुण्डा।** दामापुर चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी सारंगपुर-मोहगांव निवासी धीरेन्द्र श्रीवास्तव ( धीरू ) आयु 38 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। श्री श्रीवास्तव सरल, सहज, मिलनसार एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण थें। स्व.धीरेन्द्र श्रीवास्तव का निजी उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत तीन वर्षो से थाना कुण्डा में पदस्थ रहे। वर्तमान में दामापुर चौकी में पदस्थ रहकर छत्तीसगढ़ पुलिस में सेवा दे रहे थे, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं थाना कुण्डा एवं दामापुर चौकी के स्टॉप उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### टीचर्स एसोसिएशन की जिला बैठक आज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि आठ अप्रैल को अपरान्ह 3.30 बजे से स्थानीय राजमहल चौंक स्थित राजीव गांधी पार्क में एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया है, जिसमें महासभा में लिए गए निर्णय व रणनीति, पुरानी पेंशन, टेट परीक्षा, क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान, पदोन्नति, डीएड व बीएड कोर्स, प्रस्तावित प्रांतीय सम्मेलन में सहभागिता सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा किया जाएगा। अतः जिले के समस्त शिक्षकों से बैठक में समय पर उपस्थिति का आव्हान है।

### नेउरगांव खुर्द में स्वास्थ्य शिविर 14 को

**कवर्धा।** युवा मुट्ठी नेउरगांव (खुर्द) द्वारा 14 अप्रैल, मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन नवधा स्थल, नेउरगांव (खुर्द) में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर में क्षेत्रवासियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। इस दौरान भोरमदेव चैरिटेबल ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा, वहीं अमन बिसारिया (बी ऑप्टोमेट्री) द्वारा नेत्र जांच एवं चश्मे की जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अलावा शेखर शर्मा द्वारा दंत परीक्षण किया जाएगा। आयोजक समिति ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराने एवं रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में भाग लेने की अपील की है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत एक विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम पोलमी निवासी आदिदास की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता कमलदास को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### ई-केवाईसी अनिवार्य 30 जून अंतिम तिथि

**कवर्धा।** राज्य शासन महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह ई केवाईसी का कार्य सीएससी सेंटर्स में किया जाएगा। यह कार्य 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। ई-केवाईसी प्रारंभ करने से पूर्व सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) ऑपरेटरों को कार्य के संबंध में पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है। हितग्राहियों का ई-केवाईसी उनके निवास के निकट स्थित सीएससी केंद्रों में कराया जाएगा, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह कार्य 1 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 के मध्य पूर्ण किया जाना है। ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क लेना प्रतिबंधित है।

### डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अग्रवाल पहुंचे कवर्धा

**कवर्धा।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल 6 अप्रैल सोमवार की शाम को आधिकारिक प्रवास पर आए। उनके साथ डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला लायन रेखा अग्रवाल और पुत्री माधवी भी थीं। उन्होंने सुधा वाटिका और ग्राम मगरदा स्थित ऑक्सी जोन लायंस पार्क का निरीक्षण किया। एक हॉल में लायन सदस्यों को प्रेरणास्पद शब्दों में संबोधित करते हुए कहा कि क्लब के सेवाकार्यों को केवल औपचारिकता न निभाते हुए जरूरतमंद लोगों तक ले जाएं और वंचितजनों को प्रभावपूर्ण राहत पहुंचाएं। इसके अलावा लोगों को आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित करें। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने पदाधिकारियों और सदस्यों को पिन और लायंस इंटरनेशनल के पत्रक प्रदान कर सम्मानित किया।

**समस्या:** शिक्षकों को अधीक्षक बनाने का खेल, शिक्षण छोड़ कमाई में जुटे शिक्षक

# छात्रावास अधीक्षक की नियुक्ति करवाने के लिए सिंडिकेट सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित छात्रावासों और आश्रमों में शिक्षा विभाग के शिक्षकों को अधीक्षक बनाने और फिर उन्हें वर्षों तक उसी पद पर जमाए रखने का एक बड़ा सिंडिकेट फल-फूल रहा है। आलम यह है कि जो शिक्षक बच्चों को वर्णमाला सिखाने के लिए नियुक्त हुए थे, वे अब राशन के बिलों और कमीशन के गणित में माहिर हो चुके हैं।

नियमों के मुताबिक, आदिम जाति कल्याण विभाग में अधीक्षकों की कमी होने पर वैकल्पिक तौर पर शिक्षा विभाग के शिक्षकों को अस्थायी रूप से प्रतिनियुक्ति पर लिया जाता है। यह व्यवस्था इसलिए थी ताकि छात्रावासों का संचालन न रुके। लेकिन, पिछले कई वर्षों से यह अस्थायी व्यवस्था स्थाई में तब्दील हो चुकी है। कई शिक्षक तो ऐसे हैं जो अपने मूल विभाग (शिक्षा विभाग) का चेहरा देखे हुए एक से डेढ़ दशक बिता चुके हैं। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, छात्रावास अधीक्षक का पद आरामदेह और मलाईदार माना जाता है। यहाँ बच्चों के भोजन, रखरखाव और अन्य सुविधाओं के नाम पर आने वाले बजट में हेरफेर की गुंजाइश अधिक होती है। इसी कमाई का एक हिस्सा कथित तौर पर विभागीय अधिकारियों और स्थानीय रसूखदारों तक भेंट-चढ़ावे के रूप में पहुंचता है। यही कारण है कि तबादलों की सूची में इन जमे हुए अधीक्षकों का नाम कभी नहीं आता।

### शिक्षण कार्य का भारी नुकसान




इस व्यवस्था का सबसे काला पक्ष यह है कि शिक्षक अपने मूल कार्य यानी अध्यापन से पूरी तरह विमुख हो जाता है। वर्षों तक प्रशासनिक और प्रबंधकीय कार्यों में डूबे रहने के कारण इन शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता समाप्त हो जाती है और उन्हें फिर से स्कूल जाकर बच्चों को पढ़ाना रास नहीं आता। यदि कभी वापसी की बात उठती भी है, तो राजनीतिक रसूख और आर्थिक सांठगांठ के जरिए फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

### मूल विभाग की अनदेखी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा

सवाल उठता है कि शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी के बावजूद उन्हें दूसरे विभाग में क्यों खपाया जा रहा है ? लंबे समय तक शिक्षण कार्य से दूर रहने से जहां ऐसे शिक्षकों को अध्यापन के प्रति अरुचि हो जाती है वहीं स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है।

### शासन को कड़े कदम उठाने की जरूरत

जानकारों का मानना है कि इस खेल को बंद करने के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। किसी भी शिक्षक को आदिम जाति कल्याण विभाग में 3 वर्ष से अधिक की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। समय सीमा समाप्त होते ही उन्हें अनिवार्य रूप से उनके मूल स्कूल में वापस भेजा जाना चाहिए ताकि वे फिर से शिक्षण कार्य से जुड़ सकें। इस मामले को लेकर आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा और समाज सेवा से जुड़े एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि अगर विभाग ने छात्रावास आश्रमों में चल रही ऐसी नियुक्तियों और अनियमितताओं पर कड़ाई से ध्यान नहीं दिया तो आगामी समय में विधानसभा प्रश्न पूछे जाएंगे। उनका मानना है कि जब तक कुर्सी का मोह और अधिकारियों के संरक्षण का यह गठजोड़ नहीं टूटेगा, तब तक आदिवासी छात्रावासों की स्थिति और बच्चों का भविष्य अधर में ही लटका रहेगा।

# कामठी मंदिर विवादः भगवान के वस्त्र जलाने के आरोप से गांव में तनाव, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

थाना कुकदूर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कामठी एक बार फिर विवादों के कारण चर्चा में है। हाल ही में हनुमान जयंती के अवसर पर गांव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ भगवान हनुमान को चोला और लागोट अर्पित किए थे। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण पूजा-अर्चना में शामिल हुए। हालांकि, इस धार्मिक आयोजन के अगले ही दिन, शनिवार 4 अप्रैल 2026 को एक विवादित घटना सामने आई, जिससे गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति रामसिंह की पत्नी, जो बड़ादेव के पुजारी परिवार से जुड़ी बताई जा रही है, ने मंदिर में चढ़ाए गए भगवान हनुमान के चोला और लागोट को निकालकर जला दिया। बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मंदिर में लगे चार कैमरों में महिला द्वारा भगवान के वस्त्र उतारते हुए दृश्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। घटना के सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कृत्य उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, यह भी जानकारी सामने आई है कि गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसके कारण यह घटना और अधिक तूल पकड़ती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोपी महिला के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज करने की मांग की है। इधर, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है।

# दामापुर क्षेत्र को मिली 108 एंबुलेंस की सौगात, भाजपा स्थापना दिवस पर शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर दामापुर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात मिली। पंडरिया विधायक भावना बोहरा की पहल पर तथा क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे के प्रयास से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दामापुर क्षेत्र के लिए 108 एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र धृतलहरे, मंडल महामंत्री मनहरण साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस को क्षेत्रवासियों के सुपुर्द किया। 108 एंबुलेंस सेवा देशभर में 24/7 आपातकालीन सेवा के रूप में संचालित है, जो चिकित्सा, पुलिस एवं दमकल सेवाओं को एक ही नंबर (108) पर उपलब्ध कराती है। यह सेवा विशेष रूप से दुर्घटना, हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में गंभीर मरीजों को त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाने के लिए उपयोगी है। इसमें बेसिक लाइफ सपोर्ट और एडवांस लाइफ सपोर्ट सुविधाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2026 को छत्तीसगढ़ में 375 नई 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया था, जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क है और किसी भी फोन से 108 नंबर डायल कर इसका लाभ लिया जा सकता है। वहीं, 102 एंबुलेंस सेवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए समर्पित है। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस सेवा शुरू होने पर खुशी जताई और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष संतोष ध्रुव, परस सिंगरौल, सुमन ढीमर, रवि साहू, सूरज यादव सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बोरिया में निःशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला




विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 07 अप्रैल 2026 को एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) टीम, कबीरधाम द्वारा ग्राम बोरिया में जनरल रोग निवारण विषय पर एक निःशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 135 महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर के दौरान 52 मरीजों की आवश्यक लैब जांच भी की गई तथा सभी जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। इस शिविर में जय जगन्नाथ अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें डॉ. सतीश तम्बोली, डॉ. लखन सिंह राजपूत एवं अस्पताल के डायरेक्टर सुजीत तिवारी शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिखर युवा मंच के क्षेत्रीय समन्वयक अयोध्या जायसवाल, एफआरए से परियोजना समन्वयक संतोष साकत एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही ग्राम स्तर पर मितानिन कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विशेष रूप से ग्राम सरपंच नेमीचंद पटेल का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम द्वारा आयोजित यह शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने एवं लोगों को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### जंगलों में ग्रीन गोल्ड...



**कवर्धा।** जंगलों में ग्रीन गोल्ड कहे जाना वाला तेंदूपत्ता तैयार, मई में होगी तोड़ाई।

### सांसद पाण्डेय ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से सौजन्य भेंट कर छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में सड़क विस्तार में हुए अभूतपूर्व कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 धवईपानी से सिमगा सड़क को फोरलेन सड़क में उन्नयन किये जाने, कवर्धा शहर में यातयात के बढ़ते दबाव के मद्देनजर कवर्धा बायपास के निर्माण, कवर्धा से खैरागढ़ तक सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने/टू लेन सड़क निर्माण, पंडरिया से लोरमी-कोटा होते हुए बिलासपुर तक सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने/टू लेन सड़क निर्माण करने हेतु निवेदन कर पत्र सौंपा। सांसद पांडेय इस विषय को पूर्व में लोकसभा में भी उठा चुके हैं और केन्द्रीय मंत्री को पत्र भी दे चुके हैं। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जनता को सुगम व सुरक्षित आवागमन मिले और शहरों में यातयात, माल वाहक गाड़ियों, यात्रियों को सुविधा मिले इसके लिए यह बाईपास व फोरलेन सड़क का निर्माण अत्यंत ही आवश्यक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने उक्त मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया है। हमें विश्वास है कि जल्द ही यह मांग पूरी होगी।

### होली किंगडम के छात्रों ने राष्ट्रीय ड्रॉपरोबाल प्रतियोगिता में जीते 5 स्वर्ण पदक




**कवर्धा।** भारतीय ड्रॉपरोबाल महासंघ द्वारा राष्ट्रीय ड्रॉपरोबाल चैंपिनशिप का आयोजन गत दिनों गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में किया गया। जिसमे पूरे भारत से 12 राज्यो के खिलाड़ियों ने भाग लिया इस सम्बंध में होली किंगडम स्कूल के खेल प्रशिक्षक साहिल खान ने बताया की हमारे विद्यालय से इस प्रतियोगिता में 5 खिलाड़ियो ने भाग लिया था जिसमे आदित्य कौशिक (सिंगल वर्ग) में इन्होंने 7 राज्यो को हराकर फाइनल मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 11-04 से हराकर स्वर्ण पदक जीता एवं नमन नाहर आयुष धुर्वे हर्ष तम्बोली नमन ठाकुर (ट्रिपल वर्ग) में 6 राज्यो को हराकर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र को 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक पे कब्जा किया साथ ही ये खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन्स का किताब भी अपने नाम किया हम बताने चाहेंगे की यह ड्रॉपरोबाल खेल एक स्वदेशी खेल है जिसे भारत मे ही बनाया गया और ये खेल अब एशिया में भी खेला जा रहा जिसमे होली किंगडम के खिलाड़ी विगत दो वर्षों से लगातार पदक प्राप्त करते आ रहे है स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के निर्देशक पास्टर जोश थामस सह निर्देशिका लिजी थामस एडमिन धनुष सिंह रायपुरिया आकाश चन्द्रवंशी एवं सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी और इनके उज्ववल भविष्य की कामना की।

**बूथ-पंचायत स्तर पर हो रहा गठन, आयोजित की गई विकासखण्ड स्तरीय बैठक**

# पंडरिया ब्लॉक में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में पंडरिया ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। बूथ, पंचायत एवं बीएलए गठन को लेकर पार्टी कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर सक्रिय हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू के निर्देश पर सभी मंडलों में लगातार बैठकें आयोजित कर संगठन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में पांडातराई मंडल के अंतर्गत चारभाठा खुर्द में संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष आशीष दास ने किया, जबकि प्रभारी अमन पाटस्कर एवं सह प्रभारी दौलत गिरी गोस्वामी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मंडल के प्रत्येक बूथ और पंचायत स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए बीएलए का गठन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके बूथ कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पार्टी अब गांव-गांव और बूथ-बूथ तक पहुंच रही है। इस अभियान का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और हर घर में कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार करना है। उन्होंने आगे कहा कि जब बूथ और पंचायत मजबूत होंगे, तभी संगठन मजबूत होगा और पार्टी जनता की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा पाएगी। पांडातराई मंडल में कार्यकर्ताओं का उत्साह इस बात का संकेत है कि कांग्रेस का संगठन लगातार विस्तार कर रहा है। मंडल अध्यक्ष आशीष दास ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर से कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें लालजी चन्द्रवंशी, जीतराम चन्द्रवंशी, नारद चन्द्रवंशी, बालाराम चन्द्रवंशी, संतोष साहू, नंदकुमार चन्द्रवंशी, लक्ष्मीनारायण साहू, राजकुमार अनंत, विजय धुरी, प्रशांत बैस, तेजस्वी चन्द्रवंशी, अफजल खान, विनायक चन्द्रवंशी, त्रिलोकचंद निर्मलकर, शुशेन चन्द्रवंशी, देवव्रत चन्द्रवंशी, मुकेश चन्द्रवंशी, कोमल साहू, आरिफ खान, रमा विश्वकर्मा, रुपेश चन्द्रवंशी, रुपेश यादव, विजय नेताम, संजय चंद्रवंशी, राजेश घोसले सहित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय कवर्धा में 16 मार्च 2026 से तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों बोड़ला, झलमला, पिपरिया, पंडरिया, कुकदुर एवं सहसपुर लोहारा में 06 अप्रैल 2026 से एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत की गई है। यह टीकाकरण प्रतिदिन (रविवार एवं अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिले में अब तक 18 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नवनीत सिंह ठाकुर ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन एक सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है, जो मुख्य रूप से सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुख का कैंसर) से बचाव में सहायक है। इसके अलावा यह जननांगों पर होने वाले मस्सों तथा गर्भाशय ग्रीवा, गुदा, गले एवं अन्य कैंसर के अधिकांश मामलों को रोकने में भी मददगार है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष लगभग 74,000 से 77,000 महिलाओं की मृत्यु सर्वाइकल कैंसर के कारण होती है, जिसमें से लगभग एक तिहाई मृत्यु भारत में होती है। एचपीवी टीकाकरण इस गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आयु का निर्धारण किया जाएगा। एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक (0.5 एमएल) दी जाएगी, जो बांह के ऊपरी हिस्से (बायीं भुजा) में लगाई जाएगी। गर्भावस्था की स्थिति में टीका नहीं लगाया जाएगा तथा टीकाकरण खाली पेट नहीं किया जाएगा। टीका लगाने के पश्चात तर्जनी उंगली में मार्किंग की जाएगी तथा हितग्राही को आधे घंटे तक स्वास्थ्य केन्द्र में रुकना होगा। टीकाकरण के उपरांत कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।